# 1000 युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

जागरण संवाददाता • लखनऊ: अलीगंज के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टाटा मोटर्स की ओर से सात जून को रोजगार मेला लगाया जाएगा। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के साथ ही युवाओं के लिए नौकरी का यह पहला अवसर होगा।

हाईस्कूल के साथ आइटीआइ पास 18 से 32 आयु वर्ग के युवा मेले में हिस्सा ले सकते हैं। मेले में एक हजार युवाओं को नौकरी का अवसर मिलेगा। चयनित युवाओं को 12,945 से 13,915 रुपये प्रतिमाह वेतनमान मिलेगा। कंपनी की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। मेला सुबह नौ बजे से लगेगा। आइटीआइ के बाद एक साल का अनुभव भी अनिवार्य होगा।

## आइटीआइ : रोजगार मेला



**इन ट्रेड वालों को मिलेगा अवसर:** प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने बताया कि मैकेनिकल, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन रेफ्रिजरेशन समेत कई ट्रेड के युवा मेले में हिस्सा ले सकते हैं। इच्छुक युवा योग्यता के संपूर्ण दस्तावेजों व बायोडाटा के साथ मेले में आ सकते हैं। कंपनी के नियमों के अनुसार प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। युवा और युवतियां दोनों हिस्सा ले सकते हैं।

> आइटीआइ पास युवाओं को नौकरी का अधिक से अधिक अवसर देने के उद्देश्य से मेले का आयोजन हो रहा है। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के चलते रोजगार मेला नहीं लगाया गया। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहला मेला लगेगा। गर्मी को देखते हुए पानी व सुरक्षा के समुचित व्यवस्था की गई है। युवाओं से भी गर्मी से बचाव के इंतजाम करके आने को कहा गया है।
>
> **–राजकुमार यादव**, प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज